मुख्यमंत्री कल विकास यात्रा में पंडरिया को देंगे 115.53 करोड़ की सौगात

जनधारा समाचार

कवर्धा। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह प्रदेश व्यापी विकास यात्रा के दौरान 27 मई को विकासखंड मुख्यालय पंडरिया में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे कबीरधाम जिले तथा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता को 115 करोड़ 53 लाख 44 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन.शिलान्यास कर सौगात देंगे। विकास यात्रा के दौरान पंडरिया में आयोजित सभा स्थल पर 72 हजार 335 हितग्राहियों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 49 करोड़ 22 लाख 79 हजार रूपए के सामग्रियों.प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉण् सिंह सबेरे 11 बजे पुलिस ग्राउड रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे और 11ण30 बजे पंडरिया पहुंचेंगे। वे कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 2ण30 बजे हेलीकाप्टर से बलौदाबाजार जिले के नगर पंचायत भटगांव के लिए रवाना होंगे। प्रदेश व्यापी विकास यात्रा के तहत अगले चरण में 30 मई को मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का रोड शो. और सहसपुर लोहारा में आमसभा और सिल्हाटी व ओड़िया कला में स्वागत सभा होगा। मुख्यमंत्री पंडरिया आमसभा में 31 करोड़ 13 लाख 46 हजार की लागत के 200 से अधिक विभिन्न कार्यो का



84.40 करोड़ की लागत के 42 से अधिक निर्माण कार्यों भूमिपूजन-शिलान्यास

लोकार्पण करेंगे। इनमें मंझोली से देवपुरा सड़क आरण्डीण् 500 मीटर पर वृहद पुलिया निर्माण के लागत 3 करोड़ 86 लाख 98 हजार रूपएए कुण्डा से माकरी सड़क नवीनीकरण 70 लाख 85 हजार रूपएए ग्राम कुम्ही से सीसी सड़कसह नाली निर्माण 14 लाख रूपएए पनेका नलजल प्रदाय योजना लागत 43 लाख 65 हजार रूपए कुआंमालगी नलजल प्रदाय योजना लागत 38 लाख 88 हजार रूपए सैहामालगी नलजल प्रदाय योजना लागत 40 लाख 91 हजार रूपएए बाघामुड़ा नलजल प्रदाय योजना लागत 35 लाख 79 हजार रूपएए बोड़तराखुर्द नलजल प्रदाय योजना लागत 37 लाख 38 हजार रूपएए और पलानसरी नलजल प्रदाय योजना लागत 49 लाख 93 हजार रूपए का लोकार्पण करेंगे। इसी तरह रामपुरा से बाजार चारभाठा 2.90 किण्मीण् सड़क निर्माण लागत 2 करोड़ 30 हजार सेहामालगी से कोदवाकला 4.15 किण्मी सड़क निर्माण लागत 3 करोड़ 19 लाख 53 हजार रूपएए कोसमंदा से हीरापुर 3.85 किमी् सड़क निर्माण कार्य लागत 3 करोड़ 16 लाख 31 हजार ग्राम कोलेगांव गौरव पथ सड़क 0.300 किमी लागत 21 लाख रूपए ग्राम कुम्ही गौरव पथ सड़क 0.200 किमी लागत 14 लाख रूपए और ग्राम विशेषरा गौरव पथ 0.300 लागत 21 लाख का लोकार्पण करेंगे।

पंडरिया में आयोजित विकास यात्रा एवं आमसमा कार्यक्रम में वन मंत्री महेश गागड़ा, लोक निर्माण विभाग मंत्री रोजश मूणत सांसद अभिषेक सिंह संसदीय सचिव व पंडरिया विधायक मोतीराम चन्द्रवंशी कवर्धा विधायक अशोक साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू राज्य गौ सआयोग अध्यक्ष विशेष पटेल, भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपर के अध्यक्ष भेलीराम चन्द्रवंशी शामिल होंगे।

आमसभा स्थल पर तैयारियों की समीक्षा, अंतिम रूप देने के निर्देश

विकासयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा 27 मई को विकासखण्ड मुख्यालय पंडरिया में ली जाने वाली आमसभा की तैयारियां जोरों पर है। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने आज सभा स्थल का अवलोकन किया और जिला स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार भी उपस्थित थे।

क्षेत्र मे मुख्य मांग रेललाईन मुख्यमंत्री से बड़ी अपेक्षा

27 मई पंडरिया विकास यात्रा पर पंच-सरपंच युवा सम्मेलन एवं विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाना है नगर मे आवश्यक सभी तैयारियां की जा रही है कबीरधाम जिला नक्सली प्रभावित होने के कारण ऐतिहात के तौर पर नगर मे सीसी कैमरे लगाये जा रहे है क्षेत्र के लोगो मे विकास को लेकर सरकार की अंतिम वर्ष में करोड़ों की सौगात मिलने की अपेक्षाएं बनी हुई है जैसा कि अब तक डॉ. रमन सिंह की यात्रा हुई है वहां करोडो की सौगात दी गयी है।

पंडरिया क्षेत्र के लोगो मे सर्वप्रथम रेल लाईन की मांग सबसे उपर दिखाई पड़ रहा है। जनमानस में छत्तीसगढ़ सरकार को खर्च होने वाली लागत का 51 प्रतिशत राशि प्रस्तावित नई रेल मे खर्च किये जाने का है इसलिए डॉ रमन सिंह प्रदेश सरकार के मुखिया होने के नाते जनता की मांग पर मुहर लगाने अपेक्षा कर रहे है।

क्योकि सीएम का यह गृह जिला भी है यहां के लोगों को भलीभांति जानने के साथ साथ तासिर की परख भी रखते है। क्षेत्रवासियों को अपेक्षा है कि अन्य जिला से अधिक यहां के लोगो के लिए सौगातों की बौछार करेंगें नगर के जानकार लोगों की बात मानें तो प्रशासन के लोग पंडरिया को जितना संवेदनशील बना दिये है वह दिखाई नही पड़ता।सरकार के अंतिम कार्यकाल के समय क्षेत्र के लोग सीधा संवाद चाहते हैं।

टकराव के रास्ते से समस्या का समाधान नही होना यह सभी जानते है किंतु प्रजातंत्र मे आमलोगो का ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण माना जाता है सरकार से अपेक्षा कर रहे है। पंडरिया के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के अलावा वन एवं विधि-विधायी एवं जिले के प्रभारी मंत्री महेश गागडा,लोक निर्माण एवं र्प्यावरण मंत्री राजेश मुणत, सासंद अभिषेक सिंह,विधायक अशोक साहू,सियाराम साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग,गौ सेवा आयोग विशेसर पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमलाल कुर्रे,जनपद पंचयत अध्यक्ष मधु बर्मन,भोरमदेव शक्कर कारखाना अध्यक्ष भेलीराम चंद्रवंशी शिकरत करेंगे।

महिला के पेट से तीन किलो का गोला निकला

जनधारा समाचार

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार के चंदादेवी हॉस्पिटल में कई वर्षो से पेट दर्द से पीडित महिला के पेट से तीन किलो का गोला निकालकर उसे दर्द से मुक्ति दिलाई गयी। इस संबंध में चंदा देवी चिकित्सालय के डॉ. नितिन तिवारी लेप्रोस्कोपिक सर्जन ने बताया कि शिवरीनारायण की यादव परिवार की महिला विगत कई वर्षो से पेट दर्द से पीडित थी कई जगह इलाज कराया दवाई खाकर पेटदर्द से राहत तो मिल जाती थी फ्रि वही दर्द होना चालु हो जाता था। इसी शिकायत को लेकर वह इस चिकित्सालय मे आयी जहां सोनोग्राफी की गई जिसमे उसके पेट मे गोला पाया गया। बताने पर वह आपरेशन कराने तैयार हो गया जिसका सफ्ल आपरेशन डॉ. प्रमोद तिवारी वरिष्ठ सर्जन के मार्गदर्शन मे

में टीम द्वारा किया गयाजिसमे महिला के पेट से तीन किग्रा. का गोला निकाला गया जिसकी लम्बाई 8 इंच व चौडाई 6 इंच थी। इस तरह सफ्ल आपरेशन कर महिला को पेटदर्द से मुक्ति दिलाई गयी। आपरेशन को

चंदादेवी तिवारी चिकित्सालय में हुआ सफल आपरेशन

सफ्ल बनाने में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक मिश्रा, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. गीतिका शंकर तिवारी, डॉ. देवकृति तिवारी, डॉ. सरफ्राज अली, डॉ. डिगेश सेन चिकित्सालय स्टाफ भानू सेन, संदीप खुंटे, नागेश पटेल, सुनिता सहित स्टाफका सहयोग रहा।

झीरम घाटी के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

जनधारा समाचार

बलौदाबाजार। शहर कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार द्वारा अध्यक्ष रूपेश ठाकुर के नेतृत्व में झीरम धाटी हमले में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस पार्टी के द्वारा झीरम धाटी में नक्सली घटना की पांचवी पुण्यतिथि पर शोकसभा आयोजित कर शहीदो को श्रद्धांजलि दी गयी। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा झीरमधाटी मे परिवर्तन यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की शहादत को सभा मे झीरम हमले मे आहत हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने अपने विचारो को साझा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बलौदाबाजार विधायक जनकराम वर्मा ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु , प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधी विधाभूषण शुक्ला, नगरपालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर ने नक्सली हमले मे शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओ को याद करते हुए कहा कि पांच वर्ष व्यतीत होने के बाद भी भाजपा सरकार द्वारा इस विषय मे ठोस कदम नही उठाया गया। एक तरफ पीडब्लूडी मंत्री राजेश मुणत की सीडी बनने पर एक दिवस के भीतर गिरफ्तारी एवं सीबीआई जांच करायी गयी किन्तु झीरम धाटी हमले का रिपोर्ट आज तक नही आया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से मोतीलाल वर्मा, धीरज बाजपेयी, तुलसी वर्मा, प्रभाकर मिश्रा, छलला साहू, रवि दीवान, सुखदेव साहू, पदमेश्वरी साहू, कालिन्द्री वर्मा, पार्षद सुभाष राव, राकेश वैष्णव समीर अग्रवाल, मनोज प्रजापति, कमलेश गर्ग, महान मिश्रा, सलमान शेख, गोल्डी मरैया, विशाल डोंगरे, आयुष भतपहरी, शाश्वत यादव,जनेन्द्र नायक ,हितेश नवरंगे, हेमंत ठाकुर, रिखीराम सहितकांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

किसानों को मशरूम का प्रशिक्षण देने खोली निविदा

जनधारा समाचार

भानुप्रतापपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में मषरूम की खेती कर किसानों को समृद्ध बनाने हेतु कौषल विकास योजना के तहत पूर्व वनमण्डल भानुप्रतापपुर द्वारा कृषकों के प्रषिक्षण हेतु ठेकेदारों से मंगवाए गए निविदा 25 मई को संध्या 4 बजे सभागार में खोली गई। 6 ठेकेदारों के द्वारा अवदेन किया गया था जिसमें सबसे

कम दर 13 रूपए होने के कारण छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गुरूर जिला बालोद को दिया गया। ठेकेदारों में सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ तकनीकी एवं शैक्षणिक विकास समिति दल्लीराजहरा एवं जय राजहरा बाबा शिक्षण समिति दल्लीराजहरा का आवेदन अपूर्ण होने के कारण निरस्त कर दिया गया। दस्तावेज अपूर्ण होने को लेकर ठेकेदारों एवं वन विभाग के अधिकारीयों के बीच कहासुनी की स्थिति बनी रही। आदेश्वर शिक्षण समिति 26 बी मेडिकल काम्प्लेक्स जीई रोड रायपुर की दर 14 रूपए एवं वैभवी सर्विस दुर्गूकोंदल की दर 24 रूपए होने के कारण इनको कार्य नहीं दिया गया।

होम्योपैथी उपचार से शर्तिया बीमारियों का भी इलाज संभव: लखनलाल

जनधारा समाचार

सक्ती। होम्योपैथी का उपचार वर्षो से शर्तिया बीमारियों के निराकरण में फायदेमंद है। उक्त बाते 24 मई को नगर के हटरी चौक में संतोषी मंदिर के सामने संजीवनी होम्योपैथी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अभ्यागत के रुप में डीएम चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमेन श्री वृन्दावन गौशाला के व्यवस्थापक उद्योगपति लखनलाल

संजीवनी होम्योपैथी का शुभारंभ

अग्रवाल ने कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमे अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होना चाहिए तथा हमारे देश में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से इलाज किया जाता है जिसमें अंग्रेजी चिकित्सा के साथ ही आयुर्वेद चिकित्सा तथा होम्योपैथी चिकित्सा प्रमुख है और होम्योपैथी चिकित्सा तो सभी बीमारियों का बेहतर उपचार उपलब्ध करवाता है। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने भी होम्योपैथी चिकित्सा को अच्छा उपचार बताया। होम्योपैथी क्लीनिक के संचालक डॉण् विरेन्द्र पूरी ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. पूरी ने कहा कि अंचल में वे लोगों को एक बेहतर होम्योपैथी चिकित्सा की सेवाएं देंगे व क्षेत्र की जनता को होम्योपैथी की नवीन चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके इस हेतु वे प्रयासरत रहेंगे। अंचल में होम्योपैथी क्लीनिक की आवश्यकता लोग महसूस कर रहे थे तथा इस क्लीनिक के शुभारंभ से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर अधिवक्ता संजय अग्रवाल कन्हैया ग़ोयल डीआरयूसीसी मेंबर मुकेश अग्रवाल चमन अग्रवाल अनिल पूरी रामनारायण गौतम सहित गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

एनटीपीसी हॉस्पिटल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

जनधारा समाचार

कोरबा। भारत सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार सार्वजनिक स्वच्छता एवं साफसफाई के प्रति लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एनटीपीसी कोरबा द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया है । इसी कड़ी में 25 मई को एनटीपीसी हास्पिटल परिसर में सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया जिसमें हॉस्पिटल के डाक्टरए परामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीके मिश्रा द्वारा सभी को स्वछता शपथ दिलाया गया। पखवाड़े के दौरान एनटीपीसी प्लांट एवं टाउनशिप परिसर में व्यापक सफाई अभियान के साथ-साथ स्वछता के प्रति जागरूकता लाने हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्लांट के अधिकारी-कर्मचारी यूनियन द्द एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं टाउनशिप के निवासरत परिवारजन भी इसमें सहर्ष भाग ले रहे हैं।

प्रशासनिक क्वार्टर में जबरदस्ती निवास व भाजपा कार्यालय बनाने का विरोध

जनधारा समाचार

सक्ती। आज राष्ट्रीय मजदूर युवा कांग्रेस इंटक द्वारा सक्ती विधानसभा के सक्ती नगर में विधायक डॉ. खिलावन साहू द्वारा प्रशासनिक क्वार्टर में जबरदस्ती निवास एवं भाजपा कार्यालय बनाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय मजदूर युवा कांग्रेस इंटक ने ज्ञापन सौंपा

इंटक युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लाखन सिंह सिदार ने बताया कि डॉक्टर खिलावन साहू द्वारा विगत एक वर्ष से प्रशासनिक क्वार्टर में जबरदस्ती ताला तोड़कर रह रहे हैं पूछने पर गोल मटोल जवाब दिया जाता है भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा इसीलिए आज हम अनुभागीय अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर तुरंत खाली करवाने मांग की गई प्रशासनिक जगह पर भाजपा के होल्डिंग बैनर पोस्टर लगाए जाते हैं विधायक जी और उनके कार्यकर्ताओं को प्रशासनिक जगह से तुरंत खाली करवाने की मांग की गई अगर कार्यवाही नहीं होने पर इंटक युवा कांग्रेस सक्ती विधानसभा और जांजगीर जिले में धरना कर विरोध-प्रदर्शन करने की बात कही गई। इस दौरान इंटक युवा कांग्रेस के सैयद आसिफ अंकित वर्मा, योगेश प्रधान, आशुतोष वर्मा, सुरेंद्र राठौर, परमेंद्र तिवारी, प्यारे सिदार मौजूद थे।

आज जुटेंगे कांग्रेसी कार्यकर्ता तैयारी जोरों पर

जनधारा समाचार

सक्ती। अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी

अभा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. चन्दन यादव आज सक्ती में

डॉ. चन्दन यादव शनिवार 26 मई को सक्ती आयेंगे। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि संगठन को मजबूती करने की दिषा में चन्दन यादव का दो दिवसीय जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित है जिसमें 26 मई को शाम 4.00 बजे स्टेषन रोड स्थित कमलाहरि एवेन्यू में कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया है विगत दिनों जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने आकर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से मिलकर कार्यक्रमों को सफ्ल बनाने के लिये जिम्मेदारी दी है। नगर पालिका अध्यक्ष ष्यामसुन्दर अग्रवाल ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन के अलावा स्थानीय यादव समाज के युवाओं द्वारा राष्ट्रीय सचिव चन्दन यादव का स्वागत एवं अभिनन्दन किया जायेगा तथा कार्यक्रम स्थल पर तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर कमलाहरि एवेन्यू में जिला कांग्रेस कमेटी दिनेष षर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुन्दर अग्रवाल, प्रदेष कांग्रेस सचिव चोलेष्वर चन्द्राकर, मनहरण राठौर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया कंवर, विकास नायक, घनष्याम देवांगन, पिन्टू ठाकुर, कमल शर्मा के अलावा कांग्रेसी कार्यकर्ता को कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में कार्ययोजना तैयार की।

अवैध संबंध बनाने में नाकामयाब रहा तो कर दी हत्या

जनधारा समाचार

बालोद। डौंडीलोहारा कोतवाली थाना क्षेत्र में 26 मार्च को हुई एक खेत में महिला की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मंगचुवा निवासी कुबेर है जबकि

मृतका मीनाबाई टिकरापारा डौंडी लोहारा का है। बता दें कि आरोपी कुबेर मृतक मीना बाई से अवैध सम्बन्ध बनना चाहता था मगर कामयाब नहीं हो सका और लोकलाज के डर से खेत पर मीना बाई की गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। पत्रकारों से बातचीत में एसपी आई के एलेसेला ने बताया कि डौंडीलोहारा क्षेत्र के एक खेत में महिला की शव मिलने की खबर मिलते ही सनसनी फैल गई थी । जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा डौंडीलोहारा थाने में दी गई। मामले की जानकरी मिलते ही प मौके पर पुलिस पहुंची। मामले की जांच में जुट गई। मामले में मिली जानकारी के अनुसार मृतिका का पति जामुल मे सीप्लेक्स फैक्ट्री में गार्ड का काम करता है। मृतिका के दो बच्चें हैं मृतिका घर में घटना दिनांक को पड़ोसी महिलाओं के साथ गोबर के कंडे एकत्रित करने पास में लगे खेत की ओर निकली थीए लेकिन शाम को स्थानीय लोगों ने महिला का शव खेत में देख भौचक रह गया और ततकाल पूरी जानकरी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने ततकाल तफ्तीश प्रारंभ कर दी और पुलिस ने मौके पर पहुंच जब मौका

आरोपी गिरफ्तार

का निरीक्षण किया। मृतिका महिला के शव पर कुछ चोंट के निशान और महिला के शव को कुछ दूर घसीट कर ले जाने के भी निशान मिले जिसके बाद पुलिस भी इसे प्रथम दृष्टया हत्या मान कर जांच कर रही थी। आरोपी कुबेर को पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी को पकड़ने में स्पेशल स्क्वार्ड टीम का योगदान रहा।

रिश्तों को किया दागदार : आरोपी मृतक महिला के देवर के दोस्त हैं और उसके घर आना जाना रहता एव दारू पीने पर नशा हो जाने पर मृतक महिला के घर रुक जाता था। इसी दौरान आरोपी कुबेर की नजर मृतक मीना पर पड़ी और बुरी नजर रखने लगा और मृतक महिला के समीप ज्यादा आने की कोशिश करने लगा। घटना दिनांक को अवैध संबंध बनाने के चक्कर में नाकामयाब कुबेर ने मृतक को मौत के घाट उतार दिया।

सट्टेबाजी से कई घर हो रहे तबाह

जनधारा समाचार

थानखम्हरिया। नगर में आईपीएल क्रिकेट मैच में लाखों रूपए का सट्टा लगाया जा रहा है। शार्टकट कमाई के फेर में क्रिकेट आईपीएल के मैच पर हाईटेक ढंग से सट्टे का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। बड़े सटोरियों द्वारा आईपीएल के मैचों पर हाईटेक अंदाज में खेल में एक का दो व एक का पॉच तक का दॉव लगाया जा रहा है। मोबाइल, एलईडी टीवी, सेटअप बाक्स, इंटरनेट जैसे आधुनिक संसाधनों से सटोरियों के कक्ष लैस होते हैं। सटोरियों और ग्राहकों के बीच कोडवर्ड का इस्तेमाल होता है ताकि गोपनीयता बनी रहे। एक-एक गेंद पर दॉव लेपटॉप और सेलफोन से लगाए जाते हैं। सट्टा खिलाने वाले सीधे तौर पर कोई भी बात नहीं करते ये कोडवर्ड में भाव करते हैं। इसमें टीम और खिलाड़ियों के अलग-अलग नाम सटोरियों द्वारा लिए जाते हैं। टॉस होने के पूर्व ही वास्तविक और अंतिम भाव खुलते हैं इसमें टीम के टास जीतने और हारने से लेकर मैच के प्रत्येक पड़ाव पर दाव लगते हैं। जीत हार के भाव मैच शुरू होने के बाद घटते-बढ़ते भी रहते हैं। क्रिकेट सट्टा में मुख्य रूप से टॉस कौन जीतेगा घ् टास जीतकर कप्तान का क्या फैसला होगा। पहला ओवर कौन करेगा पहली बाल पर कितने रन बनेंगे कौन सा खिलाड़ी कितने रन बनायेगा। पहले ओवर में टीम का स्कोर क्या रहेगा। पावर प्ले में कितने रन और विकेट होंगे कितने ओवर में लक्ष्य मिलेगा दूसरी पारी में कितने विकेट गिरेंगे घ् मैन आफद मैच किसे मिलेगा इन बिंदुओं पर दांव लगाए जा रहे हैं। सामाजिक बुराई होने के बावजूद लोग शीघ्र और अधिक धनार्जन के फेर में सट्टे की गिरफ्त में फॅस रहे हैं। अनेक लोग इसके दांव में अपना सब कुछ गवां चुके हैं। संपन्न घरों के अनेक लोग घाटे की वजह से तनाव में है। सटोरियों के खिलाफ सख्त से सख्त पुलिस कार्रवाई की मांग नागरिकों ने की है।

टॉस से लेकर आखिरी गेंद तक लग रहा दांव, सख्त कार्रवाई की मांग